# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 240 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




## मथुरा-वृंदावन

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बिते कल किया दौरा अपने परिवार संग बांके बिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना की इसके बाद निधिवन पहुंचीं इस दौरान मथुरा-वृंदावन में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही।

# यमुना आज भी देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदी

प्रतिवर्ष सितंबर महीने के चौथे रविवार को सारी दुनिया के साठ देश 'नदी दिवस' मनाते हैं। इस दिन सब भारतीयों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि अपने आसपास की नदी को 'मां' कहना कृपया बंद कर देंक्योंकि दुनिया भर में कोई भी समाज अपनी मां पर कचरा नहीं फैंकता है। हम जान-बूझकर फैंकते हैं। अकेली गंगा में ही हम प्रतिदिन एक अरब गैलन गंदगी डालते हैं। यमुना आज भी देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदी है।नर्मदा में हम प्रतिदिन कुल मिलाकर 150 हजार गैलन कचरा फैंकते हैं।इसमें सर्वाधिक कचरा तो अकेला जबलपुर शहर फैंकता है।

नर्मदा पर अध्ययन करने वाले लोग कह चुके हैं कि इसकी सारी सहायक नदियां मर रही हैं।इसके कारण नर्मदा का अस्तित्व आज नहीं तो कल खतरे में पड़ना ही है।कितना ही दिल समझा लें,लेकिन भारत की लगभग किसी भी नदी का पानी पीने लायक नहीं बचा है। ये चित्र गंगा,यमुना व नर्मदा के हैं।



# इंदौर की पारेषण व्यवस्था सुदृढ़ करने एम.पी. ट्रांसको ने राऊ ने ऊर्जीकृत किया 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने इंदौर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढता प्रदान करने अपने 132 के.व्ही. सबस्टेशन राऊ में 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का एक नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। 920 लाख रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से न केवल सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि हुई है, बल्कि सबस्टेशन में दूसरे पावर ट्रांसफार्मर की वैकल्पिक व्यवस्था होने से जहां मेंटेनेन्स के कार्यों में लचीलापन आयेगा वहीं इंदौर शहर के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत उचित वोल्टेज पर प्राप्त होगी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंदौर शहर की विद्युत व्यवस्था की सुदृढ़ता प्रदान करने के इस महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न कार्मिकों को बधाई दी है।

## इन क्षेत्रों में होगा विशेष लाभ:-

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि 132 के.व्ही. राऊ सबस्टेशन में इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से



राऊ क्षेत्र के अलावा मऊ, हर्षोला, सिलिकान सिटी, पेंथर, वेटनरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुॅचेगा। इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जहां सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 113 एम.व्ही.ए. हो गई है, वहीं इंदौर की ट्रांसफॉर्मेशन केपेसिटी बढ़कर 4402 एम.व्ही.ए. हो गई है। इंदौर में एम.पी. ट्रांसको अपने 13 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। जिसमें 400 के.व्ही. के एक, 220 के.व्ही. के पांच और 132 के.व्ही. के सात सबस्टेशन शामिल है।

प्रदेश की ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़ाकर हुई 82061 एम.व्ही.ए. की : - इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से प्रदेश मे कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 82061 एम.व्ही.ए. की हो गई है, वर्तमान में एम.पी. ट्रांसको के सक्रिय पावर ट्रांसफार्मर की संख्या बढकर 1030 हो गई है, जिसमें 400 के.व्ही. के 38 पावर ट्रांसफार्मर, 220 के.व्ही. 216 एवं 132 के.व्ही. के 776 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है। एम.पी. ट्रांसकों प्रदेश में अपने 417 एक्स्ट्रा हाईटेंशन हाईटेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिसमें 400 के.व्ही. के 14 सबस्टेशन, 220 के.व्ही. के 88 एवं 132 के.व्ही. के 315 सबस्टेशन क्रियाशील है।

# दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

दैनिक रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**

पिछोर( शिवपुरी) जन अभियान परिषद् पिछोर द्वारा सीएमसीएल डीपी की कक्षाओं के उन्मुखी कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाते हुए स्वदेशी वस्तु अपनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम मे सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार गंधर्व सर ने दीप प्रज्वलित करते हुए उपाध्याय जी के छाय चित्र पर माल्यार्पण किया और सभीको स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया कार्यक्रम मे उत्कृष्ट विधालय प्राचार्य गंधर्व गौतम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक श्रीमती अभिलाषा शर्मा समाज सेवी




रजनीश तिवारी परामर्श दाता योगेश शर्मा मनीष भार्गव सीएमसीएल डीपी के छात्र एवं छात्राएं सहित ग्राम समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली की भाजपा सरकार का बड़ा ऐलान



जब अन्य राज्यों में डांडिया और नवरात्रि के उत्सव रातभर चल सकते हैं..!

1. तो दिल्लीवालों का क्या कसूर है, दिल्ली वाले क्यों नहीं उत्सव मना सकते हैं।

2. रामलीला का मंचन और दुर्गा पूजा रात के 10 बजे खत्म नहीं हो सकती

इसलिए हमने दिल्ली में लाउडस्पीकर बजाने की समय सीमा 10 बजे से बढ़ाकर 12 बजे तक कर दिया है।

: रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली

# सेवा सप्ताह के चलते जटाशंकर तीर्थ की हो गई बेहतर सफाई



रणजीत टाइम्स

**बागली। (संजय प्रेम जोशी) 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं कार्यकर्ता क्षेत्र में प्रतिदिन कोई ना कोई सामाजिक गतिविधि कर रहे हैं।**

गुरुवार को इस गतिविधि में बागली क्षेत्र के प्रसिद्ध जटाशंकर तीर्थ स्थल की सफाई करने का आयोजन संपन्न हुआ बागली मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर पर्वतीय स्थल जटाशंकर तीर्थ में वर्ष भर श्रद्धालु आना-जाना करते हैं।विशेष पर्व पर यहां पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। कुछ दिनों पूर्व ही बागली विधायक मुरली भंवरा के प्रयासों से जटाशंकर तीर्थ का कायाकल्प संपन्न हुआ जिसके तहत नवीन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई । सेवा पखवाड़ा के दौरान गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री शोभा गोस्वामी जटा शंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव बागली विधायक मुरली भंवरा मीसा बंदी परिवार के सदस्य एवं पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम सिसोदिया नगर परिषद अध्यक्ष महासंघ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कमल यादव शिशु मंदिर के आचार्य मुकेश दांगी मुकेश गुप्ता हुकम गुप्ता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जहुर शाह राजा गोस्वामी इंदर कर्मा कैलाश गुप्ता नगर परिषद सीएमओ प्रमोद बरुवा रोजगार सहायक नवीन तवंर युवा कार्यकर्ता अखिल बड़ौला सहित बड़ी संख्या में नगर परिषद में कार्यरत सफाई मित्र शामिल रहे। इस दौरान कुंड के नजदीक बने घाट की सफाई बेहतर तरीके से हो जाने से परिसर स्वच्छ दिखाई दे रहा है। इस दोरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी आयु की कामना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं ने भगवान जटाशंकर के दर्शन करते हुए पंडित दीनदयाल जी को याद किया इस दौरान बागली विधायक मुरली भंवरा ने पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय वाले सिद्धांत के विषय में कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी सभी योजना का लाभार्थी होना चाहिए तब जाकर हमारी सफलता दिखाई देगी।



# "भारतीय पर्व का समसामयिक सामाजिक संवाद ही जीवंत संस्कृति का द्योतक है - डॉ. भरत शर्मा"

श्री वैष्णो धाम गरबा समिति द्वारा श्री वैष्णव धाम मंदिर परिसर पर पूरे 10 दिन नवरात्रि महोत्सव आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय सदस्य, डॉ. भरत शर्मा ने नवरात्रि के महत्व को बताये हुए कहा की भारतीय संस्कृति में नवरात्रि शक्ति उपासना के अलावा सामाजिक एकता और सामूहिकता का प्रतीक है। नवरात्रि का उपवास और आराधमा हमें संयम, भक्ति और अनुशासन का पाठ पढ़ाती है। व्रत, कीर्तन, भजन, गरबा और सामूहिक आयोजन से समाज में धार्मिक चेतना जाग्रत होते हैं।यह पर्व भारतीय संस्कृति की सामाजिक और सांस्कृतिक धार्मिक पर्व परंपरा को आगे बढ़ाता है।



नवरात्रि पर्व के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रसार गुजरात और भारत में ही नहीं वरन् अब वैश्विक हो रहा है। विदेशों में भी इस पर्व को हर्षोउल्लास से मनाया जा रहा है। उक्त अवसर पर गरबा प्रांगण में माँ दुर्गा की आरती के पश्चात दीप प्रज्वलित कर गरबा की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा की गई। श्री वैष्णो धाम गरबा समिति के श्री गुप्ता, श्रीमती रचना गुप्ता, उद्योगपति अजय पुरोहित, अनुजा पुरोहित, श्रीमती नारंग, श्रीमती विनोद अहलूवालिया, रेखा जनक गांधी, लायन विकास गुप्ता, अखिलेश खंडेलवाल ने डॉ. भरत शर्मा, गीता शर्मा और विशिष्ठा शर्मा का स्वागत चुनरी और श्रीफल देकर किया। गरबा आयोजन में शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य और गरबा प्रतिभागी शामिल रहे।

# लोकायुक्त ने 5,000 की रिश्वत लेते वन रक्षक को पकड़ा

## पत्थर से भरा ट्रैक्टर निकालने के बदले मांगी थी रिश्वत

जगदीश पाल

खनियाधाना (शिवपुरी )लोकायुक्त पुलिस ने खनियांधाना के वन क्षेत्र में स्थित राजापुर चौकी पर तैनात वनरक्षक को 5,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वनरक्षक पर एक व्यक्ति से पत्थर से भरा ट्रैक्टर निकालने की अनुमति देने के बदले में अवैध रूप से पैसे मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता बलवीर सिंह लोधी, जो कि ग्राम रूपेपुर के निवासी हैं, ने लोकायुक्त को बताया कि वह खदान से पत्थर की ट्रॉली निकालते हैं और इसके लिए वह रॉयल्टी का भी भुगतान करते हैं।



इसके बावजूद, राजापुर वन चौकी में पदस्थ वनरक्षक ध्रुव तोमर द्वारा उनसे लगातार अवैध रूप से पैसों की मांग की जा रही थी। बलवीर सिंह लोधी ने इस संबंध में 16 सितंबर, 2025 को लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। टीम ने वनरक्षक को 5,000 की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही पकड़ लिया।



उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक शख्स के पेट से दर्जनों चम्मच, टूथब्रश और पेन निकाले गए.जानकारी के मुताबिक, व्यक्ति को अचानक तेज पेट दर्द हुआ तो परिजन उसे अस्पताल ले गए. डॉक्टरों ने जांच की तो सच्चाई जानकर सभी हैरान रह गए. अंततः ऑपरेशन कर शख्स के पेट से ये सभी अजीबोगरीब चीजें बाहर निकाली गईं. युवक के पेट से 49 स्टील के चम्मच, टूथब्रश और पेन मिले हैं।

# फटाके एवं मोडिफाई सायलेंसर का थाना कनाडिया पुलिस ने किया नष्टीकरण

**राजेश धाकड़**

इंदौर। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह के निर्देशानुसार शहर में फटाके वाले व मोडिफाई सायलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन तथा अति. पुलिस उपायुक्त श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुदन मंडलोई के नेतृत्व में एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। थाना प्रभारी कनाडिया के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत थाना क्षेत्र में घूम रहे ऐसे वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। अभियान में 05 दर्जन से अधिक फटाके एवं मोडिफाई सायलेंसर जप्त कर उनका मौके पर ही नष्टीकरण किया गया। थाना कनाडिया स्टाफ की इस कार्रवाई में अहम भूमिका रही। पुलिस ने वाहन चालकों को संदेश दिया कि वे फटाके व मोडिफाई सायलेंसर का उपयोग न करें, अन्यथा सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी।




# लसूड़िया इंदौर क्षेत्र अन्तर्गत महालक्ष्मी नगर में प्रॉपर्टी व्यवसाय पर गोली चला कर हत्या का प्रयास करने वाले गिरोह का सदस्य पुलिस थाना लसुडिया की गिरफ्त में

- **फरियादी पर आरोपियों नें लाल मिर्च डालकर चलाई थी 03 गोलियाँ।**
- **सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना तथा तकनीकी साक्ष्य की मदद से 18 घंटे में पुलिस ने किया घटना का पर्दाफाश।**
- **प्रापर्टी व्यवसाय तथा रुपयों के लेन देन के विवाद को लेकर आरोपी साथी ने हीं अपने अन्य साथियों साथ मिलकर दिया था घटना को अंजान।**
- **प्रकरण के मुख्य आरोपी तथा उसके अन्य साथियों की तलाश जारी।**

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनाँक 24.09.2025 को फरियादी मनोज पिता रामचरण नागर 50 वर्ष नि.एम.आर.3 महालक्ष्मीनगर इन्दौर नें बॉम्बे हास्पिटल मे इलाज के दौरान रिपोर्ट किया कि मैं 477 MR 03 महालक्ष्मी नगर इंदौर में परिवार के साथ निवास करता हूँ तथा प्रापर्टी का काम करता हूँ। मेरा सांई श्रृद्धा कॉलोनी में आफिस हैं जहाँ से मैं प्रापर्टी के कार्य देखता हूँ। आज दिनांक 24/9/25 को शाम करीब 06.30 बजे मैं अपने आफिस को बंद करके अपनी फार्च्यूनर गाडी से महालक्ष्मीनगर मेला ग्राउण्ड से होकर अपने



घर जा रहा था। तभी अपोलो डीबी तरफ वाले रास्ते से रॉंग साईड से एक सफेद रंग की कार तेज रफ्तार से आयी और मेरी गाडी में सामने से टक्कर मार दी मैं गाडी रोक कर नीचे उत्तरा तो कार वाले ने अपनी कार का कॉंच चढ़ा लिया मैने उसकी कार के कॉच पर मुक्का मारा तभी कार में दूसरी तरफ से एक लड़के ने आकर मेरी आँखों में मिर्ची डाल दी जिससे मैं अपनी आँख मलने लगा इतने में एक शार्ट हाइट का लड़का हेलमेट पहने हुए आया और जान से मारने की नियत से उसने मुझे दो गोली मारी जो मेरे सीधे हाथ में मारी लगी फिर एक गोली मारी जो बाएँ हाथ में लगी मैं दौडकर सनसिटी कॉलोनी के गेट में घुसा तो उस लड़के ने सनसिटी के गेट के पास एक गोली मेरे पेट में मारी और वहाँ से भाग गया। वहाँ उपस्थित लोगों ने मुझे घायल अवस्था में बाम्बे हास्पिटल पहुँचाया। कार में सवार दो व्यक्ति तथा हेलमेट पहने व्यक्ति ने मेरे साथ घटना कारित की तथा हेलमेट पहने व्यक्ति ने मेरी जान लेने की नियत से मुझ पर तीन चार गोलियों चलायी है। यही मेरा कथन है। नोट-मजरुह के कथन अनुसार अपराध थाना लसुडिया पर अपराध क्रमांक 1182/2025 धारा 109(1), 3(5) BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह एवं एडिशनल कमिश्नर पुलिस इन्दौर अमित सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त जोन – 2 कुमार प्रतीक को निर्देशित किया गया था जिस पर से पुलिस उपायुक्त जोन 2, अति. पुलिस उपायुक्त जोन – 2 एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर घटना स्थल पर उपस्थित हुये व अति.पुलिस उपायुक्त जोन – 2 अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर आदित्य पटले के नेतृत्व में आरोपियो को पकडने के लिये एक विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया।

गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास स्थित सी.सी. टी.वी.फुटेज प्राप्त किये गये व मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विनय उर्फ सोनू राठौर निवासी तपेश्वरी बाग कालोनी इन्दौर घटना स्थल पर घटना के समय उपस्थित था तथा संदेही के हाथ पर खून लगा हुआ था प्राप्त मुखबिर सूचना की वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुष्टी की गई तथा सी.सी. टी.वी.फुटेज व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विनय राठौर उर्फ सोनू व उसके साथियों की तलाश पतारसी करते आरोपी का साथी अमन उर्फ पुष्पेन्द्र पिता केसरी सिंह राजपूत उम्र 19 साल नि. 885 रघुवंशी कालोनी मॉंगलिया इन्दौर को गिरफ्तार किया गया जिसनें बताया कि विनय उर्फ सोनू राठौर के कहने पर युवराज उर्फ राज बच्चा के साथ आरोपी अमन नें फरियादी की फार्चुनर कार के सामनें एक सफेद रंग की कार अड़ाकर फरियादी का रास्ता रोका फरियादी की ऑख में मिर्ची डाली थी इसके बाद प्रकरण के मुख्य आरोपी नें फरियादी को गोली मारी थी। प्रकरण में अन्य आरोपीगण की तलाश की जा रही है तथा आरोपी अमन उर्फ पुष्पेन्द्र ठाकुर से पूछताछ की जा रही है। फरार आरोपीगण गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा 10 - 10 हजार रुपए की इनाम उद्घोषणा की गई है।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी –**

**1.अमन उर्फ पुष्पेन्द्र पिता केसरी सिंह राजपूत नि.885 रघुवंशी कालोनी मॉंगलिया इन्दौर।**

**फरार आरोपीगण**

**1- विनय उर्फ सोनू राठौर पिता भूमि राज राठौर निवासी तपेश्वरी बाग खजराना इंदौर**

**1- युवराज उर्फ राज बच्चा पिता दिनेश सोनगरा निवासी तपेश्वरी बाग खजुराना इंदौर**

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025




# चिप से लेकर शिप तक सब देश में ही बनाएंगे

● मोदी बोले-किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं

### नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

**नोएडा (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ किया। उन्होंने कारोबारियों से कहा कि हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं। इसलिए अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाइए जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता हो। बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कॉम्प्रोमाइज रहने वाली है। इसलिए भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। इससे पहले पीएम ने कारोबारियों से बात की। मोदी प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनके बेटे अर्जुन से भी मिले। ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। रूस पार्टनर देश के रूप में हिस्सा ले रहा है। अनुमान है कि इस बार ट्रेड शो में 5 हजार करोड़ का व्यापार होगा। शो में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मॉडल का लाइव डेमो होगा। यूपी के 40 जिलों के उत्पाद ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यहां 2400 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं।



●जीएसटी पर राजनैतिक दल देश को गुमराह कर रहे- कुछ राजनीतिक दल जीएसटी की नई दरों को लेकर देश के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। 2014 से पहले जो सरकार चला रहे थे, उसकी नाकामियां छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे हैं। सच्चाई तो ये है कि कांग्रेस के समय टैक्स की लूट मची थी। लूटे हुए धन में से भी लूट होती थी। देश के आम नागरिकों को टैक्स की मार से निचोड़ा जा रहा था। ये हमारी सरकार है, जिसने टैक्स को बड़े पैमाने पर कम किया है। मोदी ने कहा कि जीएसटी की नई दर भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। ये जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई को तेजी से रिफंड सुनिश्चित करेंगे। 2014 से पहले इतने सारे टैक्स थे कि बिजनेस की कॉस्ट और परिवार का बजट कभी संतुलित नहीं हो पाते थे।

## एयरपोर्ट पर नायब तहसीलदार को आया अटैक, हो गई मौत

● भोपाल में खुद कार ड्राइव कर गए थे, सीने में दर्द उठा, जमीन पर गिर पड़े

**भोपाल।** भोपाल के गोविंदपुरा तहसील में नायब तहसीलदार दिनेश साहू की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत की ड्यूटी में एयरपोर्ट पर थे। इस दौरान उन्हें सीने में दर्द हुआ। साथी कर्मचारी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओपी रावत की गुरुवार दोपहर 12.45 बजे मुंबई के लिए फ्लाइट थी। उनकी लाइजनिंग के लिए नायब तहसीलदार साहू को लॉयजन ऑफीसर बनाया गया था। इसके चलते वे सुबह खुद कार चलाकर एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। साहू राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार के रूप में करीब दो साल पहले पदोन्नत हुए थे। यहां से उन्हें टीकमगढ़ में पदस्थ किया था। फिर वे ट्रांसफर होकर भोपाल आए। जहां गोविंदपुरा तहसील में उन्हें पदस्थ किया गया। एसडीएम श्रीवास्तव ने बताया कि साहू का परिवार भोपाल में ही रहता है।




# भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

### स्पेशल ट्रेन बनाई, रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बुधवार की देर रात रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्ट्राइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम से लॉन्च की गई। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने वाला कैनिस्ट्राइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम है। भारत से पहले रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया मोबाइल रेल लॉन्चर का टेस्ट कर चुके हैं। लिस्ट में अमेरिका का नाम भी शामिल है, लेकिन उसने पुष्टि कभी नहीं की। अग्नि प्राइम मिसाइल 2000



किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है। जो एडवांस्ड फीचर से लैस है। यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी युद्ध के दौरान सेना को लॉन्चिंग पॉइंट तक जाने वाली रेल लाइन की जरूरत होती है। कुछ मिसाइलों को उनके वजन के चलते मूव करना आसान नहीं होता था। अब यह परिदृश्य बदल जाएगा। इसका मतलब यह भी है कि सेना दुश्मन की नजरों से बचाने के लिए अपनी मिसाइलों को रेल सुरंगों में छिपा भी सकती है। रक्षामंत्री ने भी लिखा है कि यह रेल बेस्ड मोबाइल लॉन्चर मिसाइल को रात के अंधेरे में भी लॉन्च कर सकता है।

## बिहार चुनाव से वोटों की गिनती का नया सिस्टम

● जब तक सभी पोस्टल बैलेट न गिने जाएं, तब तक ईवीएम के आखिरी राउंड की काउंटिंग नहीं होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में बदलाव किया है। अब पोस्टल बैलट की गिनती में अगर देरी होती है तो ईवीएम काउंटिंग रोक दी जाएगी। साथ ही बैलट ज्यादा होने पर काउंटिंग टेबल भी बढ़ाई जाएंगी। दरअसल काउंटिंग के दिन बैलट की गिनती सुबह 8.00 बजे शुरू होती है, जबकि ईवीएम काउंटिंग 8.30 बजे की जाती है। अभी तक यह होता था कि कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो जाती थी, जबकि बैलट में समय लगता था। अब चुनाव आयोग के नए नियम के अनुसार, बैलट की गिनती बाकी होने पर



ईवीएम के सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग को रोक दिया जाएगा। तब तक बैलट की काउंटिंग को पूरा करना होगा। इलेक्शन कमीशन ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। नए नियम की शुरुआत बिहार चुनाव से होगी।

## बिहार में कर्नाटक-तेलंगाना मॉडल पर होगा विकास

● पटना में एआईसीसी महासचिव हुसैन ने किया बड़ा ऐलान

**पटना (एजेंसी)।** पटना के सदाकत आश्रम में गुरुवार दोपहर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान एआईसीसी महासचिव डॉ सैय्यद नासिर हुसैन, बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और सीएलपी डॉ. शकील अहमद खान मौजूद रहे। इस दौरान एआईसीसी महासचिव डॉ सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि, कल की बैठक काफी सफल रही। बिहार में पिछले 20 साल में हमारी पॉलिटिकल पोजिशनिंग क्या होगी, हम कैसा कैंपेन करेंगे इस पर बात हुई। महागठबंधन की ओर से एक बड़ा अनाउंसमेंट हुआ। कांग्रेस ने कांस्टीट्यूशन के लिए काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में एक सरकारी आर्डर निकला है।

## एचएएल को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

● केंद्र सरकार ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की

### आज रिटायर हो रहे मिग-21 की जगह लेगा तेजस

**हैदराबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को भारतीय वायुसेना के लिए 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया।

केंद्र ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की है। एचएएल को तेजस फाइटर जेट के लिए दूसरी बार ऑर्डर मिला है। इससे पहले, केंद्र ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ की डील के तहत एचएएल को 83 मार्क-1ए का ऑर्डर दिया था। इसकी डिलीवरी के लिए



कंपनी के पास 2028 तक का समय है। मार्क-1ए एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े को रिप्लेस करेगा।

इसे पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है।

## लद्दाख हिंसा पर केंद्र ने सोनम वांगचुक को ठहराया जिम्मेवार

*कहा-वांगचुक ने लोगों को भड़काया, कई अपील के बावजूद भूख हड़ताल जारी रखी*



**लेह (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने लद्दाख में बुधवार को हिंसा के लिए सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया। गृह मंत्रालय ने देर रात बयान में कहा, वांगचुक ने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया, हिंसा के बीच अपना उपवास तो तोड़ा, लेकिन हालात काबू करने के प्रयास की जगह एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए। मंत्रालय ने कहा- कई नेताओं ने वांगचुक से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने हड़ताल जारी रखी। उन्होंने नेपाल में जेन-जी विरोध का जिक्र किया।

## विधवा-निसंतान महिला की संपत्ति पर ससुरालवालों का अधिकार

● सुप्रीम कोर्ट बोला-शादी के बाद गोत्र बदल जाता है, ऐसे में मायके का हक नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू समाज में कन्यादान की परंपरा है, जिसके तहत जब एक महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र (कुल या वंश) भी बदल जाता है।

ऐसे में विधवा और निसंतान हिंदू महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी, न कि उसके अपने माता-पिता को। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1)(बी) को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुरालवालों को मिल जाती है। सुप्रीम कोर्ट की एकमात्र महिला जज जस्टिस बी.वी.



नागरत्ना ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा- हमारे हिंदू समाज की जो संरचना पहले से है, उसे नीचा मत दिखाइए। महिलाओं के अधिकार जरूरी हैं, लेकिन सामाजिक संरचना और महिलाओं को अधिकार देने के बीच बैलेंस होना चाहिए। दो मामले, जिनमें पति का परिवार संपत्ति पर दावा कर रहा सुप्रीम कोर्ट को दो मामलों के बारे में बताया गया। पहले केस में एक युवा दंपत्ति की कोविड-19 के कारण मौत हो गई। इसके बाद, पति और पत्नी, दोनों की मां ने उनकी संपत्ति पर दावा कर दिया। एक ओर, पुरुष की मां का दावा है कि दंपत्ति की पूरी संपत्ति पर उसका अधिकार है, जबकि महिला की मां अपनी बेटी की संचित संपत्ति और प्रॉपर्टी पर अधिकार चाहती है। दूसरे मामले में, एक दंपत्ति की मौत के बाद, पुरुष की बहन उनकी छोड़ी हुई संपत्ति पर दावा कर रही है। दंपत्ति की कोई संतान नहीं थी। वकील ने कहा यह जनहित का मामला है और इसमें सुप्रीम कोर्ट के दखल की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री पुरी बोले- 2030 तक पांच मिलियन टन करेंगे उत्पादन

# हाइड्रोजन है भविष्य का ईंधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाइड्रोजन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन न केवल भविष्य का ईंधन है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का एक प्रमुख स्तंभ है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने याद दिलाया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक सालाना 5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसे एक मजबूत नीतिगत ढांचे और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 19,700 करोड़ रुपये का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर इलेक्ट्रोलाइजर निर्माता यहां आ रहा है क्योंकि उन्हें इसमें संभावनाएं दिख रही हैं।

## हाइड्रोजन उत्पादन की लागत कम करने के प्रयास

पानीपत में इंडियन ऑयल के हरित हाइड्रोजन संयंत्र और विशाखापत्तनम में टोक्यो एनर्जी की प्रतिस्पर्धी बोलियों जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए, मंत्री ने बताया कि कैसे भारत की हाइड्रोजन उत्पादन लागत लगातार कम हो रही है, जो बढ़ते निवेशक विश्वास और प्रौद्योगिकी परिपक्वता का संकेत है।



**हाइड्रोजन मिशन का उद्देश्य** उन्होंने भारतीय सौर ऊर्जा निगम की हरित अमोनिया निविदाओं की ओर भी इशारा किया। मंत्री ने हरित अमोनिया को प्राकृतिक गैस की तुलना में इसके संभार-तंत्रीय लाभों को देखते हुए निर्यात का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 जनवरी 2023 को 19,744 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी। मिशन का व्यापक उद्देश्य 2030 तक पांच एमएमटी प्रतिवर्ष ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखते हुए भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और इसके व्युत्पन्नों के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है।

### जैव ईंधन सम्मिश्रण में भारत की उपलब्धि

जैव ईंधन सम्मिश्रण को अपनाने की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए पुरी ने कहा कि हमने 2020 तक 10 प्रतिशत जैव ईंधन सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा था। और हमने इसे पांच महीने पहले ही हासिल कर लिया। फिर हमने अपने लिए, 2020 नहीं, बल्कि मुझे लगता है कि 2022 का लक्ष्य रखा। फिर हमने 20 प्रतिशत का लक्ष्य रखा, मुझे लगता है कि 2030 तक। पहले ही हासिल कर लिया। अगला लक्ष्य हमने छह साल पहले ही हासिल कर लिया।

## NIT Manipur Non-Teaching Recruitment: Applications Open for Junior Engineer and Technical Staff

If you are looking to secure a job in a reputed institute, the National Institute of Technology (NIT) Manipur has come up with a golden opportunity. NIT Manipur has released vacancies for multiple non-teaching positions, including Junior Engineer, Technical Assistant, Senior Assistant, Technician, and Lab Attendant. The online application process for this recruitment drive has begun, and interested candidates can apply through the official website nitmanipur.ac.inThe last date to apply is October 20, 2025. This recruitment aims to fill vacancies at Group B and Group C levels. Candidates can apply for positions according to their qualifications and relevant fields.

Eligibility and Requirements:

Lab Attendant, Technician, Assistant: Candidates who have passed 12th grade and have computer knowledge are eligible to apply.

Superintendent: Candidates with a Bachelor's degree are eligible.

Technical Assistant: Candidates with a Diploma, B.Sc, M.Sc, B.E, or B.Tech in relevant subjects can apply.

Junior Engineer: Candidates with a Diploma or B.E/B.Tech in Electrical Engineering are eligible.

The recruitment for these positions will be conducted as per the NIT Recruitment Rules 2019. Candidates are advised to carefully read the notification and eligibility criteria before applying.

मेक इन इंडिया की 11वीं वर्षगांठः पीयूष गोयल बोले-

# भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति में बदल दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेक इन इंडिया की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इसकी उपलब्धियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस विजन ने भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति में बदल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2014 में शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल का उद्देश्य देश के औद्योगिक आधार को पुनर्जीवित करना और देश को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना था।

**यह उपलब्धियां दर्शाती हैं कि भारत कितनी दूर आ गया है:** गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पोस्ट में कहा कि इन वर्षों में रिकॉर्ड एफडीआई प्रवाह, व्यापार करने में आसानी में व्यापक सुधार, वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता के रूप में हमारी उन्नति, निर्यात में तेजी और रक्षा उत्पादन का विस्तार, ये सभी दर्शाते हैं कि हम कितनी दूर आ गए हैं।

**मेक इन इंडिया का अगला चरण नया अध्याय लिखेगा:** गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि मेक इन इंडिया का अगला चरण एक नया अध्याय लिखेगा। यह आत्मनिर्भर और विकसित भारत के माध्यम से वैश्विक नेतृत्व का अध्याय होगा।



इस पहल की परिकल्पना ऐसे समय में की गई थी जब भारत की आर्थिक वृद्धि में तेजी से गिरावट आई थी। देश को अपने विकास पथ को बनाए रखने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

**मेक इन इंडिया 2.0 में 27 सेक्टर्स शामिल:** मेक इन इंडिया को भारत को विनिर्माण के एक वैश्विक केंद्र में बदलने के लिए डिजाइन किया गया था। इसके मुख्य उद्देश्य निवेश को सुगम बनाना, नवाचार को प्रोत्साहित करना और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करना थे। अग्रणी वोकल फॉर लोकल पहलों में से एक के रूप में, इसका उद्देश्य न केवल भारत की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देना था, बल्कि वैश्विक मंच पर इसकी औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करना भी था।

### स्टार्टअप में युवा और महिला उद्यमियों की भूमिका

इस औद्योगिक पुनरुद्धार की आधारशिला उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना रही है। इसे गोयल ने कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन का श्रेय दिया। उन्होंने युवा और महिला उद्यमियों की ऊर्जा से प्रेरित भारत के फलते-फूलते स्टार्टअप इकोसिस्टम पर भी प्रकाश डाला। इसने देश को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित किया है। गोयल ने इस आंदोलन के पीछे जमीनी स्तर की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा हमारे उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप, उद्यमियों और हर उस नागरिक के सामूहिक प्रयास से संभव हो पाई है, जो अपने दिल में स्वदेशी की भावना रखते हैं।

फसलों की कीमतें वैश्विक कारकों से होती हैं निर्धारित

# सरकार को किसानों का समर्थन करने की जरूरतः गडकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार को उन किसानों का समर्थन करने की जरूरत है जिन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता क्योंकि फसलों की कीमतें वैश्विक कारकों से निर्धारित होती हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को यह बात कही।

भारत जैव-ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी की कीमत ब्राजील, तेल की कीमत मलेशिया, मक्का की कीमत अमेरिका और सोयाबीन की कीमत अर्जेंटीना की ओर से निर्धारित होती है।

मंत्री ने कहा, हम ग्रामीण और आदिवासी भारत में गरीबी और बेरोजगारी की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, क्योंकि किसानों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में अच्छी कीमतें नहीं मिल रही हैं।

गडकरी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी कृषि गतिविधियों में लगी हुई है। लेकिन देश के सकल घरेलू उत्पाद में उनका योगदान केवल 14 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा, इसलिए, इस परिदृश्य में, हमारी ग्रामीण कृषि और जनजातीय अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए, हमें कृषि को समर्थन देने की आवश्यकता है... जो उपभोक्ता, देश और आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री ने बताया कि जब सरकार ने मक्के से बायो-एथेनॉल के उत्पादन की अनुमति दी तो मक्के की कीमत 1,200 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।



उन्होंने कहा, इसलिए किसानों को कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। गडकरी के अनुसार, किसानों ने मक्के से इथेनॉल का उत्पादन करके 45,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई की है। उन्होंने कहा, इसलिए, ऊर्जा और बिजली क्षेत्र की ओर कृषि का विविधीकरण हमारे देश की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन का भारत में भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा, वर्तमान में हम ऊर्जा के आयातक हैं... वह दिन आएगा जब हम ऊर्जा के निर्यातक होंगे और यह देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। भारत में वायु प्रदूषण के बारे में बात करते हुए गडकरी ने कहा कि 40 प्रतिशत वायु प्रदूषण परिवहन ईंधन के कारण होता है और यह देश, विशेषकर दिल्ली के लिए एक बड़ी समस्या है।

# सीबीएसई ने जारी की 2026 की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथियां

**नई दिल्लीः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक वर्ष 2026 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथियों की घोषणा कर दी है। यह घोषणा बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से सभी सीबीएसई-संबद्ध स्कूलों के प्रिंसिपलों को भेजी गई है। इस सूचना के अनुसार, मुख्य परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होकर 15 जुलाई 2026 तक चलेंगी।

## इसमें विभिन्न परीक्षाएं शामिल हैंः

मुख्य परीक्षाएंः कक्षा 10वीं और 12वीं

स्पोर्ट्स स्टूडेंट की परीक्षाएंः कक्षा 12वीं

दूसरी बोर्ड परीक्षाएंः कक्षा 10वीं और 12वीं

पूरक परीक्षाएंः कक्षा 10वीं और 12वीं

बोर्ड ने यह भी बताया है कि वर्ष 2026 में, भारत और 26 अन्य देशों से लगभग 45 लाख छात्र-छात्राएं 204 विषयों में परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। परीक्षाओं के सुचारू संचालन और समय पर परिणाम घोषित करने के लिए, बोर्ड ने हितधारकों की योजना और निष्पादन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से ये संभावित तिथियां जारी की हैं।

बोर्ड ने इस पहल से होने वाले कुछ लाभों को भी रेखांकित किया है, जैसेः

छात्र अपनी तैयारी के लिए बेहतर योजना बना सकते हैं।

स्कूल अपनी शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों को व्यवस्थित कर सकते हैं।

शिक्षक अपनी व्यक्तिगत योजनाओं, छुट्टियों सहित, को अधिक स्पष्टता के साथ निर्धारित कर सकते हैं। इस महत्वपूर्ण घोषणा के साथ, सीबीआई ने कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए वर्ष 2025 में पंजीकरण की तारीखें भी तय की हैं।

# ज्यादा समय तक बारिश से 15 फीसदी तक घट सकती है एसी की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अप्रैल से जुलाई के बीच बेमौसम बारिश के चलते चालू वित्त वर्ष यानी 2025-26 में रूम एयर कंडीशनर की बिक्री में 10-15 फीसदी की गिरावट आने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा का अनुमान है कि उद्योग की बिक्री इस दौरान 1.15 करोड़ यूनिट रह सकती है। 2024-25 में रिकॉर्ड 1.3 करोड़ यूनिट की बिक्री हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर और मध्य भारत में अप्रैल-जुलाई के में जब गर्मी चरम पर होती है, उस दौरान लंबे समय तक बेमौसम बारिश होती रही। इससे एसी की मांग घट गई। हालांकि, दूसरी छमाही यानी जुलाई-सितंबर के बीच आंशिक सुधार की उम्मीद है। खासकर दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों से जो 2026 में और गर्म होने के पूर्वानुमान से प्रेरित है। इक्रा ने कहा, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर में कमी जनवरी, 2026 में नए स्टार लेबल दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन से संबंधित मूल्य वृद्धि की भरपाई से कहीं अधिक होगी। इससे अगली तिमाही में सीजन से पहले की खरीदी को बढ़ावा मिलेगा। 22 सितंबर से एसी पर जीएसटी 28 से घटकर 18 फीसदी आने से भी इसकी मांग बढ़ने का अनुमान है।

### इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल की त्वरित कार्यवाही....

## गरबा पंडालों से गुम हुई 02 मासूम बालिकाओं को, शक्ति मोबाइल की टीम ने सकुशल उनके परिजनों से मिलाया। गरबा पंडालों में भीड़ के दौरान, मासूम बालिकाएं परिजनों से हो गई थी दूर

आदित्य शर्मा

इंदौर- शहर में महिला संबंधी अपराधो पर नियंत्रण तथा नवरात्री पर्व के दौरान गरबा पंडालों व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओ की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भक्ति स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त इंदौर नगरीय श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा शहर के सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस बल सहित 13 शक्ति मोबाइल संचालित की जा रही है। जो नवरात्री पर्व के दौरान प्रतिदिन गरबा पांडाल आदि विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आसपास लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं। इसी तारतम्य में शक्ति मोबाइल PCR द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए, 02 मासूम बालिकाओं को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाकर, उनके चेहरे की मुस्कान लौटाई है।



पुलिस थाना राजेंद्र नगर क्षेत्रांतर्गत संचालित शक्ति मोबाइल PCR 3 को पेट्रोलिंग के दौरान क्षेत्र के गरबा पंडाल पर से एक छोटी बालिका के गुम होने की सूचना मिलीं। जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए नाबालिक बालिका को ढूंढकर, तस्दीक उपरांत सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार थाना परदेशीपुरा एवं थाना एमआईजी क्षेत्र में स्थित शक्ति मोबाइल PCR 4 को भ्रमण के दौरान रोबोट चौराहे पर एक 4 साल की बालिका रोती हुई मिली। जिसे अपने साथ लेकर पता करने पर उसने गरबा पंडाल से अपनी मां से बिछड़ना बताया। जिसे पुलिस टीम ने चुप कराकर, ढांढस बंधाया। पुलिस टीम ने बालिका के परिजनों बारे में पता कर नाबालिक बालिका को सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया। ऐसी भीड़ में गुम अपने मासूम बच्चों को पाकर, उनकी मां के आंसू छलक उठे, और उन्होंने त्वरित कार्यवाही के लिए पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया।

# पुलिस थाना भंवरकुआ द्वारा 24 घण्टे के अंदर कार से बैग चोरी करने की वारदात का किया खुलासा

### पुलिस ने सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर अपचारी बालक को किया गिरफ्तार। पुलिस टीम द्वारा चुराया हुआ 02 लाख रुपये का मश्रुका किया जप्त।

आदित्य शर्मा

शहर में चोरी/नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने व इनमें लिप्त आरोपियों की पतारसी कर माल मश्रुका जप्त करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए है।उक्त निर्देशों के तारतम्य में पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन-4 श्री आनंद कलादगी एंव अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन- 4 श्री दिशेष अग्रवाल के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस उपायुक्त जूनी इन्दौर श्री विजय चौधरी द्वारा थाना प्रभारी भँवरकुआं श्री राजकुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही के लिए लगाया ।

पुलिस थाना भंवरकुआ पर फरियादी ने बताया कि दिनांक 23/09/25 को शाम 04.00 बजे मैक डोनाल्डो कैफे भंवरकुआ पर परिवार के साथ आये थे। फरियादी की पत्नि ने अपना पर्स जिसमें एक सोने की चैन, एक सोने की अगूँठी, दो जोड सोने की नाक की बाली, दो जोड चांदी की बिछिया और कागजात कीमत करीबन 02 लाख रुपये रखे थे। फरियादी की कार से कोई अज्ञात व्यक्ति उक्त पर्स में रखे समान को चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना भँवरकुआ इंदौर पर अपराध क्र -989 धारा 303 (2) बी एन एस का पंजीबध्द कर अनुसंधान में लिया गया था ।

प्रकरण की कायमी पश्चात वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार थाना भँवरकुआ पर टीम गठित की गई टीम को उक्त घटनाओ की पतारसी कर खुलासा करने हेतु लगाया गया। पुलिस टीम ने सी.सी.टी.वी फूटेज के आधार पर अपचारी बालक को चिन्हित कर पकडा और अपचारी बालक से चोरी किया गया मशरुका एक सोने की चैन, एक सोने की अगूँठी, दो जोड, सोने की नाक की बाली,दो जोड चाँदी की बिछिया एंव कागजात कुल कीमती करीबन 02 लाख रुपये का मश्रुका जप्त किया गया है। तथा पुलिस टीम द्वारा बाल अपचारी बालक की काउसलिंग हेतु पत्राचार किया गया है ।



पुलिस टीम - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भँवरकुआं निरीक्षक राजकुमार यादव, प्र.आर.3371 सोहन ,आर.3595 पंकज,आर.2889 संजय पाल की सराहनीय भूमिका रही ।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना हैं
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना
“रंजीत टाइम्स” में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- “आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़”
रणजीत टाइम्स

# जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी दे रहे हैं घोटालेबाजो को खुला संरक्षण

**बी ओ ऑफिस मे हुए लाखो रूपए घोटाले की लिस्ट मे शामिल शिक्षक को दिया डी डी ओ का प्रभार**

शिवपुरी मध्यप्रदेश मे शिक्षा बिभाग की स्थिति आज कितनी बदतर है यह किसी से छुपी नही है ऐसी कोई भी शिक्षा बिभाग की योजना नही हैं जो भ्रस्टाचार की भेंट न चढ़ी हो हर योजना मे जमकर भ्रस्टाचार मचा हुआ है और यह भ्रस्टाचार खुद शिक्षा बिभाग के कर्मचारी ही मिलकर मचाये हुए है खुलेआम लूटमफ़ाग इसी तरह अगर शिवपुरी जिले की बात करे तो यहाँ शिक्षा बिभाग मे हर योजना भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ी हुई है और जमकर सोसल मीडिया की सुर्खिया भी बनी हुई है ।

शिवपुरी जिले के खनियांधाना बिकासखंड शिक्षा अधिकारी ने लाखो के भ्रस्टाचार मे शामिल कर्मचारी को दिलाया डी डी ओ का प्रभार। खनियांधाना बिकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय मे अभी हाल् ही के बीते माह मे एक लाखो रुपय के भ्रस्टाचार का मामला हुआ जिसमे कई कर्मचारी सस्पेंड भी हुए और अभी बर्तमान मे जांच बिचाराधीन भी है यह मामला सोसल मीडिआ और समाचार पत्रों मे काफी सुर्खियें मे बना रहा था क्युकी शिवपुरी जिले मे शिक्षा बिभाग का यह पहला मामला था जो बिकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय मे पदस्थ लेखा शाखा के कर्मचारी ने लाखो का घोटाला कर शाशकीय राशि को अपने परिजनों और मिलने वाले कर्मचारियो के खातो मे डालकर आहरण कर एक बड़े भ्रस्टाचार को जन्म दे डाला था इस भ्रस्टाचार को भोपाल से पकड़ा गया और भोपाल से एक पत्र जारी कर इस लाखो के भ्रस्टाचार मे शामिल शिक्षकों को चिन्हित कर पत्र जारी किया जिसमे वह सभी कर्मचारियों के नाम थे जो इस भ्रस्टाचार मे शामिल रहे और जिनके खातो मे शाशकिय राशी को डाला गया तो कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है की जिन जिन कर्मचारियों के खातो मे शाशकीय राशि को डाला गया वह सभी उस भ्रस्टाचार का हिस्सा बने और उन्ही कर्मचारियों मे से एक कर्मचारो को खनियांधाना बिकास खंड के शिक्षा बिभाग मे अभी हाल ही मे डी डी ओ का चार्ज जिला शिक्षा अधिकारी ने दे डाला इससे यह कहना गलत नही होगा की जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी ने बिना लालच पड़ तो यह कार्य नही किया होगा।

कलेक्टर शिवपुरी को गुमराह कर जिला शिक्षा अधिकारी ने सुशील केश शिक्षक को दे डाला डी डी ओ का प्रभार। खनियांधाना बिकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे डी डी ओ के पद् पर सुशील खेस को बर्तमान मे जिला शिक्षा अधिकारी ने नियुक्त कर दिया है देखा जाये तो यह नियुक्ति पूरी तरह अबैध और नियम बिरुद्ध तरीके से की गयी है क्युकी बर्तमान मे डी डी ओ के पद पर जिस कर्मचारी शिक्षक की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गयी है उस शिक्षक का नाम अभी हाल ही मे खनियांधाना बिकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे हुए लाखो रुपय के घोटाले की लिस्ट मे शामिल है और जिला शिक्षा अधिकारी ने उसी शिक्षक को डी डी ओ का प्रभार देकर एक नये घोटाले की नीब खोदकर रख दी है।

बिना किसी क्रियेटर के सीधा डी डी ओ कर रहे है पूरी भुगतान प्रक्रिया सम्पादित। अगर देखा जाए तो बी ओ कार्यालय मे अगर कोई भी बिलो का भुगतान किया जाता है तो उसे पहले क्रियेटर (बाबू) के पास से उसकी लॉगिन आई डी से बिल कम्प्लीट करके डी डी ओ के पास भेजा जाता है फिर डी डी ओ उस बिल के बिल की भुगतान की प्रक्रिया सम्पादित करता है लेकिन जैसा की खनियाधाना बिकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे सुनने को मिल रहा है की सारे बिलो का भुगतान बिना क्रियेटर के सीधा डी डी ओ ही पूरी भुगतान प्रक्रिया कर रहे है जबकी नियमानुसार अगर देखा जाए तो बिना क्रियेटर के डी डी ओ बिलो के भुगतान की प्रक्रिया को सम्पादित नहीं कर सकते है जैसा सुनने मे आया की पहले क्रियेटर के पद पर एक महिला पदस्थ थी जिसे नबीन बी ओ खनियांधाना ने हटा दिया है और बर्तमान मे कोई भी क्रियेटर के पद पर कर्मचारी पदस्थ नहीं है अब इसमे कितनी सच्चाई है यह तो जिला शिक्षा अधिकारी ही स्वयं जान सकेंगे। कलेक्टर के अनुमोदन पर होता है डी डी ओ का प्रस्ताव पास अगर कलेक्टर ने घोटाले मे शामिल शिक्षक को किया नियुक्त तो काफी चिंतनीय अगर नही तो फिर कलेक्टर को किया डी ओ शिवपुरी ने गुमराह। खनियांधाना ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे अभी हाल ही मे डी डी ओ के पद पर सुशील खेस को जिला शिक्षा अधिकारी ने पदस्थ किया है यह कर्मचारी पूर्व मे हुए घोटाले की लिस्ट मे है सम्मिलित था जैसा की सुनने मे आ रहा है खबरणबीशो के माध्यम से अतः डी डी ओ का प्रभार कलेक्टर की अनुशंशा के बाद ही दिया जाता है अगर जिला कलेक्टर शिवपुरी ने घोटाले मे शामिल शिक्षक को जान बूझकर दिया है डी डी ओ का प्रभार तो बहुत गलत किया गया और अगर कलेक्टर शिवपुरी को इसके बारे मे पता नही तो जिला शिक्षा अधिकारी ने गुमराह करके कराया कलेक्टर शिवपुरी से डी डी ओ के पद का अनुमोदन क्युकी कलेक्टर शिवपुरी के सबसे चहते और खासमखास माने जाते है जिला शिक्षा अधिकारी इसी का फायदा जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी ने उठाया है।

**इनका कहना :-**

जब इस संबंध मे जे डी शिक्षा बिभाग ग्वालियर से बात की गयी तो उन्होंने कहा की मे डी ओ शिवपुरी से इस मामले पर बात करता हु और जो नियमानवुसार कारवाही होगी बिल्कुल होगी।

अरविन्द सिंग जी (जे डी शिक्षा बिभाग् ग्वालियर)

जब इस समनंध मे जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाश पर बात की गयी तो उन्होंने कहा की लोगो को समस्या हो रही थी इस्पियेे कर दिया अगर आपकी नजर मे कोई और हो तो बताये मे उसे कर देता हु।।

बिबेक श्रीवास्तव (डी ओ)

# इंदौर यातायात पुलिस की सतर्कता ने, किसी बड़े हादसे की संभावना को टाला





**नशे की हालत में चालक नो एंट्री में ले आया था ट्रक, रोकने पर नहीं रुका तो, पुलिसकर्मी ने पीछा कर पकड़ा। ट्रक को जप्त कर की वैधानिक कार्यवाही।**

इंदौर - शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन का कार्य एवं नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार समझाइश के साथ चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। आज दिनाँक 25 सितंबर को दोपहर लगभग 3:30 से 4:00 बजे के बीच यातायात आरक्षक विजय जटवाल को सूचना प्राप्त हुई कि क्रमांक GJ 15 AT 1524 का ट्रक बापट चौराहे से सयाजी होटल की ओर खतरनाक तरीके से आ रहा है।

आरक्षक विजय जटवाल ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए ट्रक चालक को रोकने का प्रयास किया किंतु चालक द्वारा आदेश की अवहेलना कर वाहन आगे बढ़ा दिया गया। आरक्षक ने साहस और तत्परता से पीछा कर वाहन को रोककर थाना विजयनगर में खड़ा किया तथा तत्काल घटना से एसीपी यातायात जोन-2 श्री मनोज कुमार खत्री को अवगत कराया। एसीपी श्री खत्री द्वारा मौके पर उपस्थित सूबेदार कासिम हुसैन रिजवी को वाहन चालक की जाँच एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। सूबेदार द्वारा ब्रीथ एनालाइज़र से परीक्षण करने पर चालक शराब के नशे में होना पाया गया।

**ट्रक चालक के विरुद्ध**

पुलिस अधिकारी के आदेशों की अवहेलना, खतरनाक तरीके से भारी मालवाहन चलाना, नो-एंट्री में प्रवेश करना, शराब पीकर वाहन चलाना आदि धाराओं के तहत चालान कर ट्रक को जप्त किया गया। है और उसके विरुद्ध पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही के दौरान आरक्षक विजय जटवाल की सतर्कता और सूझबूझ की सराहना की गई है, जिन्होंने समय रहते भारी वाहन को नियंत्रित कर संभावित बड़ी दुर्घटना की आशंका को टाला, साथ ही कार्यवाही में सूबेदार कासिम हुसैन रिजवी की भी अहम भूमिका रही।